# जनपद शाहजहांपुर

**प्रेस नोट सराहनीय कार्य दिनांक 07.11.24**

**पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन मे शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली IGRS के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर शासन द्वारा माह अक्टूबर-2024 में जनपद शाहजहांपुर व शाहजहांपुर के समस्त थानो ने उत्तर प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त किया।**

मा0 मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी आई0जी0आर0एस0 जनसुनवाई - समाधान पोर्टल जिसमें आम-जन द्वारा अपनी समस्या हेतु ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार शासन द्वारा की गयी है। जिसकी समीक्षा स्वंय मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रत्येक माह की जाती है तथा प्रत्येक जनपद का मासिक मूल्यांकन कर प्रत्येक माह रैंकिग का निर्धारण मा0 मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार शासन स्तर पर किया जा रहा है जिसके क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल नेतृत्व एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी कार्यालय महोदया के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर आई0जी0आर0एस0 प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला व सहायक हे0का0 मिर्जा जुबेर बेग द्वारा आई0जी0आर0एस0 जनसुनवाई - समाधान पोर्टल पर म0का0 सुमन भारद्वाज, का0 ललित, म0का0 पूजा, द्वारा त्वरित कार्यवाही करायी जा रही है।

जिसके क्रम में माह अक्टूबर-24 में कुल 2509 शिकायतें आई0जी0आर0एस0 जनसुनवाई - समाधान पोर्टल पर प्राप्त हुयी जिसमें आई0जी0आर0एस0 प्रभारी श्री सर्वेश कुमार शुक्ला द्वारा पूरे माह प्रत्येक दिवस 24 घंटे निरंतर अथक प्रयास कर संबंधित थानो से आवेदक की समस्या का निराकरण कराते हुए गुणवत्ता पूर्ण आख्या प्राप्त कर विशेष रुचि लेकर जांचो की गुणवत्ता पूर्ण आईजीआरएस संदर्भों को निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर अपलोड कराया गया। जिसके परिणाम स्वरुप जनपद शाहजहाँपुर को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जिसमें जनपद को पूर्णाक 125 में से 125 अंक प्राप्त हुएं तथा जिसमें जनपद के 23 थानो में से 23 थानो को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिसमें विनय कुमार, डिस्ट्रिक कोर्डिनेटर, सीसीटीएनएस द्वारा अतिरिक्त समय देकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उत्साहवर्धन हेतु समस्त कर्मियों को 5-5 हजार के नगद पुरुस्कार से पुरस्कृत किया गया।